वृक्ष न होते

1.

कविता का मूलभाव

इस कविता में बताया गया है कि वृक्ष हमारे सच्चे तथा अच्छे मित्र हैं। इनसे हमें फल, फूल, शुद्ध हवा, ठंडी छाया और लकड़ी आदि प्राप्त होती है। वर्षा को आकर्षित करके तथा मृदा का संरक्षण कर वृक्ष हमारी धरती को हरा-भरा तथा सुंदर बनाने में सहायक हैं।

Summary

Trees are important for our lives— this is the main idea behind this lesson. It also describes the various usage of trees. We get fuel, furniture wood, fruits, flowers, breeze, shadow and rain from trees.

2.

कविता का सरलार्थ

वृक्ष .... छाया देता कौन?

हमारी धरती बहुत हरी-भरी है। हमारी धरती को हरा-भरा रखने में वृक्ष अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। वृक्ष हमें फूल और फल देते हैं। अगर वृक्षों का अस्तित्व न होता तो हमें मीठे फल और सुंदर फूल प्राप्त न होते।

वृक्ष न होते .... लगती प्यारी।

वृक्ष बारिश को आकर्षित करते हैं। अगर वृक्ष न होते तो धरती पर बारिश भी न होती तथा धरती सूखी रहती। वृक्ष हमें उपयोग के लिए लकड़ी प्रदान करते हैं। वृक्ष की लकड़ी का उपयोग कर हम खिड़कियों व दरवाज़ों का निर्माण करते हैं तथा अपने घरों को सुंदर व सुरक्षित बनाते हैं। वृक्षों की छालों की लुगदी से कागज़ बनाया जाता है, जिससे पुस्तकों का निर्माण होता है। यदि वृक्ष न होते तो हमें न कागज़ की प्राप्ति होती और न हम पुस्तकों का निर्माण कर पाते। वृक्षों की जड़ें धरती को बाँधे रखती हैं तथा मृदा का संरक्षण करती हैं। वृक्ष हमारी धरती को सुंदर बनाते हैं। वृक्षों, हरियाली, फल, फूलों से लदी धरती बड़ी प्रिय लगती है।

3.

पढ़ें और विलोम शब्द लिखें—

हरियाली	—	···सूखा···	ठंडी	—	···गरम···
सुंदर	—	···कुरूप···	छाया	—	···धूप···
मीठा	—	···कड़वा···	सत्य	—	···असत्य···
शुद्ध	—	···अशुद्ध···	ज्ञान	—	···अज्ञान···

4.

पढ़ें, समझें और पर्यायवाची शब्दों को मिलाएँ—

पंछी	पृथ्वी, ज़मीन
धरती	पशु, चौपाया
जानवर	पक्षी, चिड़िया
राह	मेघ, घन
बादल	पर्वत, गिरि
पहाड़	पथ, रास्ता

5. **याद करें और लिखें—**

वृक्ष न होते तो हँस-हँसकर
···सुंदर फूल खिलाता कौन?···
वृक्ष न होते इस जगती पर
···शुद्ध वायु बहाता कौन?···
वृक्ष न होते तो धरती पर
···ठंडी छाया देता कौन?···

वृक्ष न होते तो घर-घर के
···खिड़की-दरवाज़े बनाता कौन?···
वृक्ष न होते तो छालों से
···कागज़-पत्र बनाता कौन?···
वृक्ष न होते तो हम सबको
···पुस्तक-ज्ञान दिलाता कौन?···

6. **वृक्ष क्या-क्या करते हैं—**

7. **वाक्यों के लिए कविता की पंक्तियाँ लिखें—**

क. ···वृक्ष न होते तो छालों से···

···कागज़-पत्र बनाता कौन?···

···वृक्ष न होते तो हम सबको···

···पुस्तक-ज्ञान दिलाता कौन?···

ख. ···वृक्षों ने ही जग को बाँधा···

···है इनसे सृष्टि सारी···

···'सत्यम् शिवम् सुंदरम्' इनसे···

···यह धरती लगती प्यारी···